तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 21 दिसंबर 2024

11 नगरीय निकायों में आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण



12 अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ देने गंभीरता से करें क्रियान्वयन : कमिश्नर





## खबर संक्षेप

### दुर्गा मंदिर व धरमपुरा में ध्यान सत्र आज

**जगदलपुर।** पतंजलि योग समिति नगर इकाई द्वारा दुर्गा मंदिर सभागार में प्रातः 6 से साढ़े 7 बजे तक महर्षि पतंजलि द्वारा बताये सक्रिय ध्यान का विशेष अभ्यास कराया जायेगा। वही संध्या 4 से 5 बजे तक एकलव्य विद्यालय धरमपुरा में भी विशेष ध्यान योग कराया जायेगा। राज्य प्रभारी डा मनोज पानीग्राही ने बताया कि ध्यान योग प्रेमियों से दोनों आयोजन में भाग लेने की अपील की है।

### आर्ट ऑफ़ लिविंग का ध्यान शिविर आज

**जगदलपुर।** रोटरी क्लब, बस्तर चैम्बर आफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एवं आर्ट ऑफ़ लिविंग द्वारा निःशुल्क ध्यान सत्र का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षक समन्वयक आर्ट ऑफ़ लिविंग के वरिष्ठ शिक्षक अमीन लीला ध्यान सत्र लेंगे।इस कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगो को ध्यान के महत्व को समझाना और इस तनाव भरी जीवन में ध्यान से मिलने वाले फायदे का अनुभव करवाना है। आयोजन शनिवार को प्रातः सवा 8 से साढ़े 9 बजे तक स्थानीय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभाग्रह टाउन हॉल में होगा। उक्त जानकारी रोटरी क्लब के सह सचिव सौरभ अरोड़ा ने दी है।

### दीप्ति कान्वेंट स्कूल में मेलजोल कार्यक्रम आज

**जगदलपुर।** शहर के दिप्ती कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार की शाम 5.30 बजे से नेक्सस 2024 का आयोजन किया गया है। प्रबंधन और विद्यार्थियों की ओर से यह आयोजन होगा।

### राधारमण भागवत समिति की भागवत कथा 23 से

**जगदलपुर।** शहर के टॉउन क्लब मैदान दंतेश्वरी मंदिर के सामने राधारमण भागवत समिति के तत्वावधान में 23 से 30 दिसम्बर तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन होगा। पहले दिन दोपहर 1.30 बजे कलश शोभायात्रा निकलेगी तथा अंतिम दिन सुबह 9 बजे से भंडारा होगा। समिति अध्यक्ष सरिता यादव ने बताया कि कथा वाचक वैदेही दाशी विनी किशोरी के द्वारा प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक प्रवचन दिया जाएगा।

### जंगल लॉन में आइलैंड, उड़न ब्रिज, जिम और योग शेड निर्माणाधीन



**जगदलपुर।** शहर के लालबाग चौक के पास शहरवासियों की सुविधा के लिए वन विभाग 35 एकड़ जमीन में जंगल लॉन में आइलैंड, उड़न ब्रिज, पैगोड़ा, जिम और योग शेड किया जा रहा है, पर इसमें ट्रेक का निर्माण हो चुका है। जंगल लॉन में सुबह-सुबह मार्निंग वॉक में लोग चिड़ियों का उड़ते देखना और चहचहाहट सुनेंगे। इससे पक्षियों को उड़ता देखकर जीवन में बिना रुके आगे बढ़ते रहने की सीख मिलती है, इनकी चहचहाहट कानों को ही नहीं दिल को भी सुकून देती है, मन को शांत करती है। रोज सुबह जल्दी उठकर अगर आप किसी पार्क या बगीचे में इनके बीच बैठकर उगते सूरज को देखें और इन्हें महसूस करें तो आपका पूरा दिन अच्छा गुजरता है। इससे प्रकृति के करीब ले जाती और सकारात्मक ऊर्जा देती हैं।

**पिकनिक स्पॉट बनेगा :** बस्तर जिले के वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि जंगल लॉन बनने से जहां सैर करने वालों को सुविधा मिलेगी, जिसके निर्माण पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही यह पिकनिक स्पॉट के रुप में जाना जा सकेगा।

# कमिश्नर ने लाला जगदलपुरी ग्रंथालय का किया अवलोकन और विद्यार्थियों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह ने गुरुवार शाम को जगदलपुर शहर के हृदय स्थल में स्थित लाला जगदलपुरी ग्रंथालय का अवलोकन कर यहां पर उपलब्ध सुविधाओं तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से रूबरू होकर चर्चा की और उन्हें लक्ष्य हासिल करने के लिए पूरी लगन एवं मेहनत के साथ पढ़ाई किए जाने उत्साहवर्धन किया। कमिश्नर ने इस लायब्रेरी में युवाओं की ज्यादा संख्या को देखते हुए लाइब्रेरी के प्रथम तल के ऊपर अतिरिक्त कक्ष विस्तार करने हेतु प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किए जाने कहा। वहीं उक्त लायब्रेरी में नालन्दा परिसर की भांति सुविधाएं मुहैया करवाने पर बल देते हुए ई-लाइब्रेरी की अत्याधुनिक सुविधाओं और अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए।

कमिश्नर ने लाला जगदलपुरी ग्रंथालय में पुस्तकें और समसामयिक पत्र-पत्रिकाओं की उपलब्धता, ऑनलाइन पढ़ाई के लिए इंटरनेट और कम्प्यूटर की सुलभता सहित युवाओं के लिए पर्याप्त अध्ययन कक्ष, शौचालय सहित सीसीटीवी, अग्निशमन यंत्र इत्यादि के बारे में जानकारी ली और प्रतियोगी परीक्षाओं के वर्तमान पाठ्यक्रम के अनुरूप नवीन किताबों के लिए प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। साथ ही ई-लायब्रेरी के ▶▶|शेष पेज 10 पर

**खास बातें**

- प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से रूबरू चर्चा कर किया उत्साहवर्धन
- नालन्दा परिसर की भांति सुविधाएं मुहैया करवाने के दिए निर्देश



### युवाओं का बढ़ाया मनोबल

कमिश्नर लाला जगदलपुरी ग्रंथालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को समूह चर्चा करते देख अनुमेहा पामभोई, ज्योति भारती, श्रेया मेश्राम, प्रशांत यादव, जय बंजारे, रोहन घोष, शुभम दुबे, नम्रता ठाकुर आदि युवाओं के साथ बैठकर सम्बंधित प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में पूछा और उन्हें समय का सदुपयोग कर बेहतर तैयारी करने अभिप्रेरित करते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी लगन एवं मेहनत के साथ पढ़ाई करें। कमिश्नर ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं के पैटर्न पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धा बहुत ज्यादा बढ़ी है, इसे मद्देनजर रखते हुए अपनी श्रेष्ठतम तैयारी पर ध्यान केंद्रीत करें। उन्होंने इन सभी युवाओं को आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल, डीएमसी एवं नोडल अधिकारी लाला जगदलपुरी ग्रंथालय अखिलेश मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## निर्वाचन : शहर के 48 वार्डों की आरक्षण प्रक्रिया पूरी, सूची जारी

# दिग्गजों के वार्ड महिला व ओबीसी के नाम पर सामान्य 27 वार्डों में घमासान की नौबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर निगम के 48 वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में पूरी की गई। वार्ड आरक्षण में दिग्गजों के वार्ड प्रभावित हुआ है। खासकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड, रमैया वार्ड, गंगानगर वार्ड, शांतिनगर वार्ड शामिल है। दिग्गजों के वार्ड आरक्षित होने से वे अब आसपास के वार्ड में टिकट के लिए संगठन पर दबाव बनाएंगे। नगर पालिक निगम में कुल 48 में से 10 वार्डों की चतुर्सीमा में परिवर्तन हुआ है एवं 38 वार्डों की चतुर्सीमा यथावत है।

- 48 में से 10 वार्डों की चतुर्सीमा में परिवर्तन एवं 38 की सीमा यथावत
- आयुक्त ने 3 वार्ड में आरक्षण की प्रक्रिया में त्रुटि की स्वीकारते दुबारा आरक्षण प्रक्रिया पूरी कराई

9 वार्ड अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित किए गए है। जबकि 9 वार्ड ओबीसी के लिए एवं 27 वार्ड सामान्य वर्ग के लिए है, जिसमें से 9 वार्ड सामान्य महिला के आरक्षित किया गया। कलेक्टोरेट के प्रेरणा हाल में कलेक्टर एस हरीश की उपस्थिति में निगम आयुक्त निर्भय साहू व अन्य अधिकारी वार्ड आरक्षण प्रक्रिया में सम्मलित थे। अनेक वार्ड को लाटरी पद्धति से आरक्षित किया गया। आरक्षण की कार्रवाई सुबह 11 बजे से चली जो दोपहर 2 बजे तक जारी रहा। आरक्षण प्रक्रिया में महापौर सफिरा साहू,निगम सभापति कविता साहू,पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील मौर्य, भाजपा उपाध्यक्ष योगेंद्र पांडे, महामंत्री द्वय रामाश्रय सिंह, वेदप्रकाश पांडे, सुरेश गुप्ता, एल ईश्वर राव, फत्तेसिंह परिहार दोनों दलों के पार्षदगण व



आमजन उपस्थित थे। वार्ड आरक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने 3 वार्ड में आरक्षण की प्रक्रिया में त्रुटि को स्वीकारते दुबारा इन वार्डों में आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की गई।

### कौन से वार्ड में कौन चुनाव लड़ पाएंगे

शहर के 48 वार्ड की बात करे तो प्रवीर वार्ड अनारक्षित(मुक्त),विजय वार्ड अनारक्षित(मुक्त), शिव मंदिर वार्ड अनारक्षित (मुक्त), भैरमदेव वार्ड अजजा (मुक्त), वीर सावरकर वार्ड अनारक्षित (मुक्त), भगत सिंह वार्ड अनारक्षित (मुक्त), सिविल लाइन वार्ड अजजा (मुक्त), लाल बहादुर शास्त्री वार्ड अजजा, सुभाष वार्ड पहली बार अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित सीट में सम्मलित हुआ। इसी तरह सदर वार्ड भी अन्य पिछड़ा वर्ग, प्रतापदेव वार्ड महिला (मुक्त), रवींद्रनाथ टैगोर वार्ड महिला (मुक्त), बालाजी वार्ड अनारक्षित(मुक्त), महारानी वार्ड अजा (मुक्त), मोतीलाल नेहरू वार्ड अनारक्षित (मुक्त), इंदिरा वार्ड अनारक्षित (मुक्त), रमैया वार्ड महिला (मुक्त), दलपत सागर वार्ड अनराक्षित(मुक्त), पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग, माँ दन्तेश्वरी वार्ड महिला(मुक्त), डॉ राजेन्द्र प्रसाद वार्ड अनारक्षित (मुक्त), महात्मा गांधी वार्ड महिला (मुक्त), गंगानगर वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग, पंडित जवाहरलाल नेहरु वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग (मुक्त), शांति नगर वार्ड महिला (मुक्त), मदर टेरेसा वार्ड अनारक्षित (मुक्त), माता संतोषी वार्ड अनराक्षित (मुक्त), गुरुघासीदास ▶▶|शेष पेज 10 पर

### सामान्य सीट में एक अनार सौ बीमार की स्थिति

शहर के 48 वार्ड में से 27 वार्ड सामान्य के लिए है उनमें 35 प्रतिशत 9 वार्ड सामान्य महिला के लिए आरक्षित किया गया है लेकिन 18 वार्ड आरक्षण मुक्त है यानि यहां सामान्य वर्ग का महिला या पुरूष कोई भी लड़कर पार्षद बन सकता है। आरक्षण की प्रक्रिया दोपहर में सार्वजिनक होने से सोशल मीडिया में दावेदारों की फौज खड़ी हो गई। यहां एक अनार सौ बीमार जैसी स्थिति बनने लगी है। इन्हीं वार्डों में भाजपा और कांग्रेस के नेताओं में टिकट के लिए मारामारी होगी। वहीं जिन वार्डों से दोनों दल के वरिष्ठ नेता चुनाव लड़ते रहे उसके आरक्षण होने के कारण अब इन नेताओं को नजदीक के दूसरे वार्ड से लड़ना पड़ेगा।

## नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के सड़क निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : केदार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

शासन प्रशासन को बदनाम करने वाले अधिकारियों ठेकेदारों पर होगी कार्रवाई। सुकमा जिले के प्रभारी मंत्री ने बंडा से कन्हैयगुड़ा सड़क निर्माण का संज्ञान लेते हुए विभागीय अधिकारियों से नक्सल प्रभावित क्षेत्र में निर्माण हो रहे सड़क मार्गों का जायजा लिया है।

ज्ञात हो कि भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार अपने सुशासन का एक वर्ष पूर्ण कर चुकी है। वहीं बस्तर संभाग के दूर दराज गांवों को भी विकास के मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयत्न साय सरकार द्वारा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से गांवों को शहरों से जोड़ने के लिए सड़कों के निर्माण में विगत वर्षों में तेजी आई है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव से मिली जानकारी अनुसार प्रभारी मंत्री केदार कश्यप के समक्ष बंडा और कन्हैयागुड़ा तक सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार और निर्माण कार्य में लापरवाही की शिकायत पहुंची। जिस पर उन्होंने त्वरित संज्ञान लेते हुए विभागीय अधिकारियों को फटकार लगाई और सड़क का अवलोकन निरीक्षण करने का निर्देश दिया। गौरतलब है कि कोंटा विकासखंड के बंडा से कन्हैयगुड़ा की दो किमी लंबी सड़क का निर्माण करवाया गया था। सड़क निर्माण कार्य को हरी झंडी 2021-22 में दी गई थी । लेकिन 2024 में कार्य शुरू हुआ और मार्च में खत्म ▶▶|शेष पेज 10 पर

- शिकायत मिलने पर प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को लगाई फटकार

# गंगालूर टिकलेर नाला निर्माण में फर्जी बिल से लाखों की गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

वनमंडल बीजापुर के गंगालूर सामान्य वन परिक्षेत्र में नरवा विकास योजना के तहत टिकलेर नाला में 96 लाख रुपये के कार्य में भारी भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। भाजपा नेताओं और पूर्व सांसद प्रतिनिधि श्रीनिवास रेड्डी ने वन परिक्षेत्र के अधिकारियों और कर्मचारियों पर फर्जी बिल-वाउचर के माध्यम से इस राशि में गड़बड़ी का गंभीर आरोप लगाया है।

भाजपा नेताओं का कहना है कि कैम्पा मद से वित्तीय वर्ष 2020-21 में टिकलेर नाला में जल और मिट्टी संरक्षण के लिए स्वीकृत इस राशि का सही इस्तेमाल नहीं किया गया। इसके बजाय, गंगालूर वन परिक्षेत्र ▶▶|शेष पेज 10 पर



### भारी अनियमितताओं का आरोप

श्रीनिवास रेड्डी और भाजपा नेताओं ने कहा कि टिकलेर नाला में स्वीकृत कार्य जमीनी स्तर पर नहीं हुआ है। आरोप है कि कागजी दस्तावेज तैयार कर फर्जी मजदूरी भुगतान और सामग्री के बिल पेश किए गए। इस मामले में गुरुवार को भाजपा नेताओं ने वनमंडलाधिकारी रंगानाथा वाय से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## छात्रों ने भोंगापाल के बौद्ध विहार का शैक्षणिक भ्रमण किया

**फरसगांव।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय फरसगांव के प्राचार्य महावीर प्रसाद जायसवाल के कुशल निर्देशन में कक्षा 12 वी कला संकाय के 37 छात्र-छात्राओं ने भौगोलिक एवं शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत 19 दिसंबर दिन गुरुवार को फरसगांव विकासखंड अंतर्गत सुदूर ग्राम भोंगापाल बौद्ध विहार का भ्रमण किये । भोंगापाल स्थित प्राचीन बौद्ध विहार को देखकर वहां के पुरातात्विक महत्व का ज्ञान प्राप्त किये।

जहां छात्रों को यह देखने को मिला कि प्राचीन काल में हमारे बस्तर के भोंगापाल में भी बौद्ध धर्म के प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित था । भोंगापाल ग्राम पंचायत में ही बच्चों द्वारा भूगोल प्रायोगिक से सम्बंधित परिवार सर्वेक्षण का कार्य किये। ततपश्चात स्वल्पाहार एवम भोजन करने के बाद बड़ेडोंगर धार्मिक स्थल का भ्रमण करते हुए सायंकाल को सकुशल वापस विद्यालय पहुँचे। सम्पूर्ण भौगोलिक एवं शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम शिव कुमार साहू व्याख्याता भूगोल एवं श्रीमती उषा सिंह व्याख्याता इतिहास के नेतृत्व तथा योगेश कुमार बघेल भृत्य का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# झूठ की नींव पर खड़ी कांग्रेस की हमलावर नीति- व्यर्थ का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लगभग सालभर से विपक्ष में बैठी कांग्रेस लगातार प्रदेश सरकार पर हमलावर नीति अपनाई हुई है। भाजपा के छोटे-छोटे गलतियों को लपक कांग्रेस सड़क में उतर छग सरकार को घेरने कोई कसर नही छोड़ रही है।

- पत्रवार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष रूप सिंह मण्डावी ने लगाए आरोप

पत्रवार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष रूप सिंह मण्डावी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुये कहा कि कांग्रेस झूठ की बुनियाद पर खड़ी है। खुद आपराधिक घटनाओं को घटित कर अपराध बढ़ने का झूठा स्वांग रचती है। भाजपा जिला कार्यालय में उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में जबसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता



सम्हाली है, कांग्रेस के लोग यह हजम नहीं कर पा रहे हैं और रह-रहकर प्रदेश में कानून-व्यवस्था को चुनौती देकर प्रदेश में अराजकता का माहौल निर्मित करने के नित-नए षड्यंत्र रचने में लगे हैं। पिछले सालभर में अमूमन हर बड़े अपराध में कांग्रेसियों की संलिप्तता सामने आई है। कांग्रेस खुद अपराध करके अपराध बढ़ने की चिंता जताती है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी उत्तरी जांगड़े के बयान को ▶▶|शेष पेज 10 पर

## जिले में कुल 79 उपार्जन केंद्रों में पंजीकृत 52383 कृषकों से धान खरीदा गया

# 99 हजार मीटरिक टन धान की खरीदी और मात्र 10 हजार का परिवहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के तहत अब तक 99 हजार मेट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी की गई है। वहीं उपार्जित धान का उठाव सुनिश्चित किया जा रहा है। वर्तमान में जिले के धान खरीदी केन्द्रों से 10 हजार मेट्रिक टन से ज्यादा धान का उठाव किया जा चुका है। ज्ञात हो कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के तहत मोटा धान 2300 रुपए प्रति क्विंटल और पतला धान 2320 प्रति क्विंटल की दर से खरीदी किया जा रहा है। इस वर्ष समूचे प्रदेश के सभी जिलों में 14 नवम्बर से धान खरीदी प्रारंभ हुई है।

जिले में कुल 79 उपार्जन केंद्रों में पंजीकृत 52383 कृषकों से धान खरीदी किया जाना है। इस वर्ष लघु एवं सीमांत कृषकों को दो टोकन और बड़े कृषकों को तीन टोकन का प्रावधान है। टोकन ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों माध्यम से किसानों को प्रदान किया जा रहा है। कृषक ऐप टोकन तुंहर हाथ के माध्यम से भी कृषक स्वयं टोकन जारी कर सकते हैं। सभी उपार्जन केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक कांटा, मॉइस्चर मीटर, बॉयोमेट्रिक डिवाइस उपलब्ध है। सभी धान खरीदी केंद्रों में नये और पुराने बारदानों की पूरी व्यवस्था की गई है। कृषकों की सुविधा हेतु सभी उपार्जन केंद्रों में छाया और पेयजल, शौचालय तथा बैठक व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिला विपणन अधिकारी जगदलपुर ने बताया कि जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों का नोडल अधिकारियों द्वारा नियमित तौर पर निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किया जा रहा है। साथ ही अन्य अधिकारियों द्वारा धान खरीदी की मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि इन सभी धान खरीदी केन्द्रों पर किसानों को धान उपार्जन हेतु पर्याप्त बारदाने की उपलब्धता सहित तौल की व्यवस्था मुहैया कराई जा रही है। वहीं अभी बारिश की संभावना के मद्देनजर उपार्जित धान को कैप कव्हर कर सुरक्षित रखे जाने के निर्देश सभी धान खरीदी केन्द्र प्रभारियों को दिए गए हैं। जिले में कुल 52383 पंजीकृत किसानों में से अब तक 17656 किसानों से धान खरीदी की गई है। जिले के 79 उपार्जन केन्द्रों में 99718 मेट्रिक टन धान का उपार्जन कार्य किया जा चुका है। वहीं अभी तक उपार्जन केन्द्रों से 23756 मेट्रिक टन धान का परिवहन आदेश एवं डीओ जारी किया जा चुका है, जिसके विरूद्ध मिलर्स एवं परिवहनकर्ताओं द्वारा कुल 10762 मेट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। जिले में कुल 29 मिलर्स द्वारा एग्रीमेंट किया गया है। मिलर्स द्वारा डीओ जारी कर धान का उठाव किया जा रहा है। साथ ही अन्य केन्द्रों से भी परिवहनकर्ताओं द्वारा निरंतर धान का उठाव कर जिले के धान संग्रहण केन्द्र नियानार एवं छोटेदेवड़ा में भण्डारण किया जा रहा है।



- लघु एवं सीमांत कृषकों को दो और बड़े कृषकों को तीन टोकन देने का है प्रावधान

**पाठक सूचना**

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9149027841

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### क्षेत्र में जुआ और शराब का धंधा निर्बाध, कार्रवाई शून्य

**धनौरा।** धनौरा क्षेत्र में जुआ और शराब का कारोबार पूरे शबाब पर है। जगह जगह अंग्रेजी देशी शराब बिक रहा है वंही जगह जगह जुआ का फड सज रहा है और हजारों लाखों का दांव लग रहा है। जिसके चलते जुआरियों शराबियों का परिवार बर्बाद होते जा रहा है। कोंडागांव जिला के पुलिस अधीक्षक जिला के अन्य पुलिस थाना क्षेत्रों में जुआ शराब पर अंकुश लगाने सख्त निर्देश देते स्वयंम भी निगरानी कर रहे हैं पर न जाने क्यों धनौरा क्षेत्र की तरफ नजरें इनायत नहीं हो पा रही है। जिस तरह से बेखौफ होकर बदस्तूर जुआ खेलाने शराब बेचने का धंधा खुलेआम चल रहा है वह पुलिस प्रशासन पर सवाल खड़ा करता है।

### भगवती हलधर को मिली शहर भाजपा की कमान

**नारायणपुर।** आज भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में भाजपा के तीनों मंडलो में अध्यक्ष का सर्वसम्मति से हुआ चुनाव। इस दौरान जिला चुनाव अधिकारी व वनविकास निगम के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को पुष्पगुच्छ व पुष्पहार पहनाकर शुभकामनाएं दी।भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष के तौर पर महिला मोर्चा की शहर अध्यक्ष रही भगवती हलधर को मिली कमान वहीं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी ग्रामीण भाजपा मंडल महामंत्री रहे प्रेमनाथ उसेंडी व ओरछा भाजपा मंडल अध्यक्ष का जिम्मा सुखराम पोडियाम को मिला। वहीं इस अवसर पर श्रीनिवास राव मद्दी ने कहा की मंडल अध्यक्षों की चयन प्रक्रिया के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के सकारात्मक रवैए और चयनित पदाधिकारियों को बिना किसी विरोध के सर्वसम्मति से दिए गए समर्थन पर भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार जताया और आगे उन्होंने नवनियुक्त मंडल पदाधिकारियों से वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मान देने और सदैव संगठन के तरक्की के हित में कार्य करने की आशा व्यक्त की है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रूपसाय सलाम, भाजपा नेता बृजमोहन देवांगन, गौतम गोलछा, नारायण मरकाम, जयप्रकाश शर्मा ,संजय नंदी, संदीप झा सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नए राशन दुकान खुलने से बालासार झाकरपारा के ग्रामीणों को राहत

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा ग्राम पंचायत खचगांव के आश्रित ग्राम बालासार एवं ग्राम पंचायत माकड़ी, विकासखण्ड माकड़ी के आश्रित वार्ड झाकरपारा में ग्रामवासियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए ग्राम बालासार एवं झाकरपारा माकड़ी में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान खोलने के लिए अनुमति प्रदान की गई है। ग्राम बालासार एवं झाकरपारा माकड़ी में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान आवंटन के लिए इच्छुक समिति दिनांक 23 दिसंबर 2024 तक कार्यालयीन समय में कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोण्डागांव में आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

निर्वाचन : अब प्रत्याशी टिकट के लिए कर रहे गुणा-भाग

# निकाय चुनाव : कोण्डागांव, फरसगांव और केशकाल के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर एवं विहित प्राधिकारी कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में जिला कार्यालय के सभा कक्ष में नगरीय निकायों में निर्वाचन–2024 के लिए वार्डों का आरक्षण की प्रक्रिया राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि और आम नागरिकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। जिसमें नगरपालिका परिषद कोण्डागांव के 22 वार्ड, नगर पंचायत फरसगांव के 15 वार्ड और नगर पंचायत केशकाल के 15 वार्ड के लिए आरक्षण की कार्यवाही की गई। आरक्षण पश्चात कोण्डागांव नगर पालिका परिषद में अनुसूचित जाति हेतु 02, अनुसूचित जनजाति के लिए 06, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 03 तथा अनारक्षित वर्ग के लिए 11 पद आरक्षित की गयी है, जिसमें महिलाओं के लिए अनुसूचित जाति के 01, अनुसूचित जनजाति के 02, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 01 और अनारक्षित वर्ग के लिए 03 पद शामिल है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम सहित सीएमओ उपस्थित रहे।




नगर पालिका कोण्डागांव का वार्डवार आरक्षण की जानकारी – महात्मा गांधी वार्ड – अजा, सुभाष चंद्र बोस वार्ड – अजजा महिला, श्याम प्रसाद मुखर्जी वार्ड – अजजा, डोंगरी पारा वार्ड – अनारक्षित, जमकोट पारा वार्ड – अजजा महिला, बाजार पारा वार्ड – अनारक्षित, शीतला पारा वार्ड – अनारक्षित महिला, विकासनगर वार्ड – अपिव महिला, तहसील पारा वार्ड – अनारक्षित, पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड – अपिव, दण्डकारण्य वार्ड – अजा महिला, भेलवापदर वार्ड – अपिव, बंधापारा वार्ड – अजजा, फॉरेस्ट कॉलोनी वार्ड – अजजा, शहीद वीरनारायण सिंह वार्ड – अनारक्षित, अम्बेडकर वार्ड – अजजा, अस्पताल वार्ड – अनारक्षित, शहीद भगतसिंह वार्ड – अनारक्षित, सरगीपाल वार्ड – अनारक्षित, स्वामी विवेकानंद वार्ड – अनारक्षित महिला, मरारपारा वार्ड ज्योतिबा फूले – अनारक्षित महिला, महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड – अनारक्षित।

नगर पंचायत फरसगांव का वार्डवार आरक्षण की जानकारी – महात्मा गांधी वार्ड – अजा, चन्द्रशेखर आजाद वार्ड – अनारक्षित महिला, शिव मंदिर वार्ड अनारक्षित महिला, मां दन्तेश्वरी वार्ड – अजजा, सरदार भगत सिंह वार्ड– अनारक्षित, प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी वार्ड – अनारक्षित, मां दुर्गा मंदिर वार्ड– अनारक्षित महिला, गायत्री मंदिर वार्ड – अजजा महिला, अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड – अजजा, महाराजा प्रवीर चंद भंजदेव वार्ड – अजजा, जय बुढा देव वार्ड– अजजा, विरांगना रानी दुर्गावती वार्ड – अजजा महिला, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस वार्ड – अजजा, मां तेलीन सती वार्ड – अनारक्षित, महाराणा प्रताप वार्ड – अनारक्षित।

नगर पंचायत केशकाल का वार्डवार आरक्षण की जानकारी – भंगाराम वार्ड – अन्य पिछड़ा वर्ग, पं.दीनदयाल उपाध्याय वार्ड – अनारक्षित, दन्तेश्वरी वार्ड – अजजा, शिवमंदिर वार्ड – अजजा महिला, जवाहर वार्ड – अजजा महिला, महावीर वार्ड अनारक्षित, प्रवीरचन्द्र भंजदेव सिंह वार्ड – अनारक्षित महिला, वीर नारायण सिंह वार्ड – अनारक्षित, महात्मा गांधी वार्ड – अजजा, अकबर वार्ड – अनारक्षित महिला, सुभाष चौंक वार्ड – अनारक्षित, अशफाक उल्ला खां वार्ड – अनारक्षित महिला, शीतला वार्ड – अनारक्षित, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड – अजजा, डॉ. अंबेडकर वार्ड – अजा।

## बेकाबू स्कार्पियो ने खड़ी स्कूटी और बाइक को ठोंका, एक की मौत एक बुजुर्ग गंभीर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

फरसगांव नगर की बस स्टैंड के पास गुरुवार की रात करीब 9:30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक की मौत हो गई वहीं एक बुजुर्ग घायल हो गया। जानकारी के अनुसार फरसगांव वार्ड क्रमांक 12 निवासी शशि ठाकुर पिता शिव शंकर रामठाकुर उम्र 37 वर्ष गुरुवार की रात नगर के थाना के बगल में स्थित एपी डेली नीड्स दुकान के सामने रोड किनारे अपनी खड़ी बाइक पर बैठे हुए थे। इसी दौरान जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार स्कार्पियो क्रमांक सीजी 28 के5093 ने उनको और अन्य स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया और घसीटते हुए करीब 50 मीटर दूर ले गया। हादसे शशि ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गया और स्कॉर्पियो में सवार एक बुजुर्ग घायल हो गए। मौके पर उपस्थित लोगों ने दोनों को तत्काल उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल में पहुँचाया, जहां उपचार के दौरान शशि ठाकुर की मौत हो गई, और स्कार्पियो सवार बुजुर्ग का उपचार जारी है। स्कॉर्पियो की चपेट में आने से स्कूटी और बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना के बाद स्कार्पियो चालक खुद फरसगांव थाने पहुंच कर अपने आप को सुपुर्द कर दिया है। मृतक बाइक सवार शशि ठाकुर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी थे जो बडेराजपुर क्षेत्र में नेत्र सहायक के पद पर पदस्थ थे। फरसगांव पुलिस ने शुक्रवार को मृतक शव को चीरघर में पोस्टमार्टम के बाद स्कार्पियो चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है।

■ नगर के बस स्टैंड के पास गुरुवार को हुआ हादसा

**हादसे से मासूम के सर से पिता का साया छिना**

मृतक शशि ठाकुर का करीब 3 माह का एक छोटा बच्चा है। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से हुई मौत के बाद एक दूध मुहे मासूम बच्चे से उसका पिता का साया छीन लिया है। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार स्कॉर्पियो काफी तेज गति में थी जिसने रोड किनारे खड़े बाइक और स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे एक मासूम बच्चों से सर से उसके पिता का साया छीन लिया।

## करोड़ों की एंबुलेंस बिना पंजीयन के खड़े-खड़े खराब पर हुई कड़ी कार्रवाई : मंत्री जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला स्वास्थ्य विभाग में करोड़ों की एंबुलेंसें बिना पंजीकरण के कबाड़ में तब्दील होने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। 2017 से 2019–20 के बीच खरीदी गई 12 एंबुलेंसों का अब तक पंजीकरण नहीं कराया गया, जिससे ये वाहन मरीजों की सेवा में उपयोग होने के बजाय विभागीय कार्यालय में खड़े–खड़े कबाड़ हो रहे है।

वाहन शाखा प्रभारी ने पंजीयन ही नहीं कराया – जानकारी के अनुसार, स्वास्थ्य विभाग ने करोड़ों रुपये खर्च कर इन एंबुलेंसों को मरीजों की सेवा के लिए खरीदा था। लेकिन, इनका समय रहते पंजीकरण ही नहीं कराया गया है। इस लापरवाही के चलते वाहन जंग लगने और खराब होने की स्थिति में पहुंच गए हैं। बता दें कि परिवहन विभाग कहता है कि अब कई वर्षों बाद वाहन के पंजीयन का प्रावधान ही नहीं है। जिससे अब यह समस्या जटिल हो गई है।

■ 2017 से 2019–20 के बीच खरीदी गई 12 एंबुलेंसों का अब तक पंजीकरण नहीं

स्वास्थ्य मंत्री का बयान – इस मामले पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा, यह बेहद गंभीर मामला है। बिना पंजीकरण के एंबुलेंस को खड़ा छोड़ देना न केवल जनता के धन का दुरुपयोग है, बल्कि मरीजों की सेवा में बाधा डालने वाली बड़ी लापरवाही है। दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री जायसवाल ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी और कलेक्टर को




तत्काल जांच करने और पूरी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों की लापरवाही के चलते यह स्थिति बनी है, उनके खिलाफ सख्त प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

प्रभावित सेवाएं और जनता का रोष – इस लापरवाही का सीधा असर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ा है। एंबुलेंसों की कमी के कारण ग्रामीण क्षेत्रें के मरीजों को समय पर इलाज के लिए परिवहन की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की इस गैरजिम्मेदाराना हरकत से गरीब मरीजों को भारी नुकसान हुआ है।

आगे की प्रक्रिया में दोषियों पर प्रशासनिक कार्रवाई की जाना है – यह घटना स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाती है। पंजीकरण जैसी बुनियादी प्रक्रिया को नजरअंदाज करना न केवल विभागीय लापरवाही है, बल्कि जनता की जान से खिलवाड़ भी है।

## अमित शाह के बयान पर कांग्रेस का फूटा आक्रोश, किया पुतला दहन

**कोण्डागांव।** संसद में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के खिलाफ कथित अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में कोंडागांव जिला कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को बस स्टैंड पर उनका पुतला दहन किया। इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जिलाध्यक्ष झूमूकलाल दीवान ने की कड़ी निंदा – जिलाध्यक्ष झूमूकलाल दीवान ने गृहमंत्री के बयान को बेहद निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री जैसे उच्च पद पर रहते हुए संसद में अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना न केवल पद की गरिमा को ठेस पहुंचाता है, बल्कि पूरे देश के संविधान और बाबा साहब के सम्मान का अपमान है। कांग्रेस ने गृहमंत्री से तत्काल अपने शब्द वापस लेने और देश से माफी मांगने की मांग की।



**पुतला दहन में बड़ी संख्या में शामिल हुए कांग्रेसजन** – इस विरोध प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष झूमूकलाल दीवान के साथ महामंत्री गीतेश गांधी और रितेश पटेल, जिला पंचायत सदस्य हेमलाल बघेल, शहर अध्यक्ष तरुण गोलछा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भारत देवांगन, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष राज मरकाम, पार्षद अनीता पोयाम और अन्य प्रमुख कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। इस घटनाक्रम ने क्षेत्र में राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है। कांग्रेस के इस विरोध प्रदर्शन को देखते हुए आगामी दिनों में प्रदेश में राजनीति और अधिक गर्माने की संभावना है।

## एनएसयूआई ने किया गृहमंत्री का पुतला दहन

**केशकाल।** देश की सबसे बड़ी पंचायत संसद मे देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर को लेकर दिए गए अमर्यादित बयान के खिलाफ कोंडागांव जिला एनएसयूआई जनपद पंचायत चौंक केशकाल मे एनएसयूआई जिलाध्यक्ष पप्पू मंडावी के नेतृत्व में पुतला दहन किया गया।

कोंडागांव एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पप्पू मंडावी ने कहा केंद्रीय गृह मंत्री जैसे उच्च जिम्मेदार व मर्यादित पद मे रहकर संसद मे अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना बहुत ही निंदनीय है एनएसयूआई ऐसे अमर्यादित टिप्पणी की व टिप्पणी करने वाले की कड़ी निंदा करती है और अपने शब्दों को वापस लेते हुए देश से माफ़ी मांगने की मांग करती है आज छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएसयूआई के निर्देश पर अमित शाह का पुतला दहन किया गया है अगर अमित शाह जी माफ़ी नहीं मांगते तो बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी के सम्मान मे उग्र प्रदर्शन किया जायेगा। पुतला दहन के दौरान जिलाध्यक्ष एनएसयूआई कोंडागांव पप्पू मंडावी, महेन्द्र नेताम प्रदेश अध्यक्ष राजीव गांधी पंचायती राज संगठन छत्तीसगढ़ , देवचंद मातालम अध्यक्ष जिला पंचायत कोण्डागाँव, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजेश नेताम , युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पिताम्बर नाग जी, अनिल उसेंडी पार्षद नगर पंचायत केशकाल, ब्लाक कांग्रेस महासचिव नीतू डे,जनपद सदस्य गण में सतीश नाग , रोहित नाग , नरेश नेताम जी, सरपंच महेश्वरी हिंडको, राकेश कुंजाम जी, सुनील कोर्राम, मनीषा नेताम, पविता मंडावी, रोशनी मरकाम, नीता कश्यप मौजूद रहे।



## कच्चापाल बम विस्फोट में डीआरजी के घायल हुए दो जवानों में एक गंभीर

**नारायणपुर।** नक्सलियों के आधार इलाके में लगातार फोर्स के बढ़ते कदम से नक्सलियों की खेमे में खलबली मची हुई है। दो दिन में दो अलग-अलग घटना हो चुकी हैं। दोनों घटनाएं जमीन में मौत का सामान दफन कर नक्सली बड़ी साजिश रच रहे हैं। पहली घटना डीहीपारा-ओकपाड़ के जंगल में आईईडी ब्लास्ट किया गया था जिसमें सभी अधिकारी व जवान सुरक्षित रहे। वहीं दूसरी घटना कच्चापाल में हुई जिसमें डीआरजी के जवान चपेट में आए हैं। दो दिन पहले ही नक्सलियों के आधार इलाकों में शामिल कच्चापाल गांव में फोर्स का नया ठौर होते ही नक्सलियों में बौखलाहट मच गई। जिसके चलते बीती रात के अंधेरे में नक्सलियों ने साजिश रचकर फोर्स के मूवमेंट वाली जगह में बारूद का जाल बिछा दिया। आज सुबह जैसे ही कैंप जवान निकले और सड़क निर्माण कार्य की सुरक्षा के लिए आगे बढ़ रहे थे उसी दौरान बम ब्लास्ट हो गया। बम की चपेट में आने से नारायणपुर डीआरजी के दो जवान घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कोहकामेटा थाना क्षेत्रांतर्गत पुलिस कैम्प कच्चापाल से डीआरजी & BSF का बल नक्सल गश्त सर्चिंग हेतु कच्चापाल तोके मार्ग में रवाना हुये थे। प्रातः लगभग 08:30 बजे ग्राम कच्चापाल से 03 किमी. पश्चिम दिशा में माओवादियों द्वारा आईईडी ब्लास्ट किया गया। घटना में डीआरजी नारायणपुर के 02 जवान- आरक्षक जनक पटेल एवं आरक्षक घासीराम मांझी घायल हो गये, जिन्हें प्राथमिक उपचार पश्चात जिला अस्पताल नारायणपुर लाया गया।

## टेकाम ने विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया

**धनोरा।** विधायक नीलकंठ टेकाम ने पंचायत पड़े मैं सीसी रोड वा बडे ओडागांव में पुलिया वा सीसी सड़क वा तोड़ासी मैं विभिन्न कार्यों किया है ग्राम पंचायत तोड़ासी मैं सीसी सड़क की भूमि पूजन ग्राम पंचायत धनोरा में पुलिया निर्माण की भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य महेश्वरी कोर्राम ग्राम पंचायत धनोरा के सरपंच मिला उसेंडी जी श्रवण दीपक जी रमेश यादव जी संतोष uyike जी श्री राम यादव जी रमेश उसेंडी जी हीरो शोरी कैलाश कुंजाम , छेदी लाल राकेश पोटायी महेश उसेंडी सारदु समर्थ, नेहरू लाल बघेल, प्रेम लाल बघेल, राजेश पटेल मनीष कोर्राम , धनीराम



सलाम, मुकेश कावड़े , सैकड़ों संखया मैं क्षेत्रवासी वा भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### कमिश्नर ने लाला जगदलपुरी...

जरिए ऑनलाइन पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए कहा। उन्होंने युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी सम्बन्धी मार्गदर्शन के लिए समय-समय पर आईएएस, आईपीएस, आईएफएस अधिकारियों और राज्य सेवा के अधिकारियों के माध्यम से प्रोत्साहित किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही मोटीवेशन वक्ताओं को आमंत्रित कर युवाओं को अभिप्रेरित किए जाने कहा। कमिश्नर ने उक्त लायब्रेरी के सुचारू संचालन के लिए नियमित ग्रंथपाल और अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### दिग्गजों के वार्ड महिला...

वार्ड अनारक्षित (मुक्त), डॉ भीमराव अंबेडकर वार्ड अजा(मुक्त), स्वामी विवेकानंद वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग(मुक्त), ठाकुर अनुकूल देव वार्ड अजजा(मुक्त) ,पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड अनारक्षित(मुक्त), राजीव गांधी वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग (मुक्त), संजय गांधी वार्ड महिला (मुक्त), छत्रपति शिवाजी वार्ड अजजा (मुक्त), गुरुगोविंद सिंह वार्ड अनारक्षित (मुक्त), लोकमान्य तिलक वार्ड अजजा (मुक्त), अटलबिहारी बाजपाई वार्ड अजजा (महिला), डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला), डॉ एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड महिला ( मुक्त), चंद्रशेखर आजाद वार्ड अनारक्षित (मुक्त), महेंद्र कर्मा वार्ड महिला (मुक्त), बलिराम कश्यप वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग ( महिला), मदन मोहन मालवीय वार्ड अनारक्षित ( मुक्त), शहीद गुंडाधुर वार्ड अजजा (मुक्त) सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड अनारक्षित (मुक्त), महाराणा प्रताप वार्ड अजजा (मुक्त), और कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड महिला (मुक्त) वार्ड के लिए आरक्षित हुआ है।

### नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के...

हुआ। आठ माह बीतने से पहले ही अब सड़क की हालत जर्जर हो चुकी है। सड़क की लागत 1.37 करोड़ थी लेकिन ठेकेदार ने 1.60 करोड़ में सड़क निर्माण का कार्य लिया। मिली जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण में ठेकेदार को अब तक 1 करोड़ की राशि भुगतान किया जा चुका है। वनमंत्री केदार कश्यप ने ग्रामीण सड़कों की निगरानी ठीक से करने केनिर्देश दिए है। धरातल पर योजनाओं का क्या हाल है, ग्रामीणों को इसका कितना लाभ मिला है प्रशासनिक अधिकारी भौतिक रूप से इसकी जानकारी ले कर प्रदान करने सहित सरकार जनकल्याण की भावना से कार्य कर रही है। जो भी अधिकारी या ठेकेदार शासन को बदनाम करने की नियत से कार्य करेगा उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### गंगालूर टिकलेर नाला...

अधिकारी भुज्जवल सिंह ठाकुर पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी बिल और मजदूरी भुगतान दिखाकर राशि का दुरुपयोग किया।

**जांच की मांग :** भाजपा नेताओं ने स्पष्ट किया कि अगर इस मामले में निष्पक्ष जांच नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। इस दौरान भाजपा के पुरूषोत्तम शाह और अभिषेक ठाकुर भी मौजूद थे। इस भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप ने वन विभाग के कार्यों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### झूठ की नींव पर...

बेहद गंभीरता से ले रही है और उत्तरी जांगड़े समेत उस प्रदर्शन में मौजूद सभी विधायकों व कांग्रेस नेताओं की जवाबदेही तय करके कानूनी प्रावधानों के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करने में प्रदेश की भाजपा सरकार कोई कसर बाकी नहीं रखेगी। पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप, पूर्व जिलाध्यक्ष विद्याशरण तिवारी, योगेन्द्र पाण्डेय,महापौर सफीरा साहू, संतोष बघेल,रामाश्रय सिंह,वेदप्रकाश पाण्डेय,प्रदीप देवांगन, राजेन्द्र बाजपेयी,आलोक अवस्थी, दिनेश केजी, प्रकाश रावल, अतुल सिम्हा मौजूद रहे।

ग्राम सभाओं के संवैधानिक अधिकारों तथा वर्तमान सरकार के सुशासन पर की चर्चा

# ग्राम स्तर के मैदानी कर्मचारी- अधिकारियों को पेसा व अधिकार मान्यता कानून संबंधी दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

ग्राम सभा रावबेड़ामारी, विकासखंड केशकाल, जिला कोण्डागांव के ग्राम सभा कार्यालय में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया इस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में ग्राम पंचायत स्तर के समस्त विभागों के मैदानी अधिकारी कर्मचारी तथा रावबेड़ामारी के सीमावर्ती ग्रामों के ग्राम सभा अध्यक्ष, अध्यक्ष - सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समितियां, वन अधिकार समिति, संयुक्त वन प्रबंधन समितियां जैव विविधता समिति, ग्राम पंचायत अध्यक्ष, पंचायत, जनपद, जिला पंचायत जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के नर्स, मितानिन, स्व सहायता समिति, ग्राम सभाओं के गांयता, पटेल, पुजारी वा ग्रामीण इस प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थिति रहे।

इस प्रशिक्षण कार्यशाला में वक्ता के रूप में उपस्थित तिरु.धन्नू सलाम ने नार्र (गांव) व्यवस्था, पेन व्यवस्था, आदिवासी संस्कृति , वेषभूषा, भाषा बोली, रहन सहन की विस्तृत जानकारी दिया गया



तथा इस प्रशिक्षण कार्यशाला का मुख्य वक्ता तिरु. तुलसी नेताम जी ने एक कदम गाँव* की ओर....ग्राम सभा सशक्तिकरण कि ओर की थीम को लेकर सामुदायिक वन संसाधन के प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया ओर इसमें मुख्य रूप से ग्राम सभाओं के संवैधानिक अधिकारों के विषयक तथा वर्तमान सरकार का दिशा दिर्देशों को ग्राम सभा स्तर में कैसे क्रियान्वयन करना है यह जानकारी विस्तृत रूप में दिया गया।

साथ ही नेताम जी ने बताया कि ग्राम सभा की मूलभूत सुविधाओं की जानकारी जैसे की स्वास्थ, शिक्षा, सामुदायिक वन संसाधन अधिकार, ग्राम सभा के प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन कैसे करना है? किन विभागों के साथ मिलकर करना है? तथा विभागों की भूमिका क्या क्या होगा। साथ ही व्यक्तिगत वन अधिकार, सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति, गांव में ग्राम सभा का सफ़ल आयोजन का कैसे करें और हम इसका लाभ कैसे लें सकते हैं, इस पर भी विस्तार से बताया गया, वर्तमान में गांव की लघु वन उपज को कैसे बिचौलियों से रोका जाय और उसे प्रसंस्करण कर समर्थन मूल्य में कैसे बचा जाए कहां बेचा जाए, गांव की पारंपरिक शरद के अंदर कैसे कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से अधिकार लिया जाए इस पर भी विस्तार से बताया गया।

**संबंधित विभाग की रही भागीदारी**

प्रशिक्षण कार्यशाला में वन विभाग, राजस्व विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग, जल संसाधन विभाग, महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थय विभाग, डाक सेवा विभाग, नरेगा, कृषि विभाग, स्व सहायता समूह तथा जनप्रतिनिधि, क्षेत्र के ग्रामीण, गोटूल लया- लयोर उपस्थित रहे।

**प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन**

इस प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन ग्राम सभा रावबेड़ामारी, तथा सहयोगी एनएसएसएश छत्तीसगढ़, से सफल आयोजन में सहयोग एवं मार्गदर्शन लिया गया।

## खबर संक्षेप

### वन संगोष्ठी में योजनाओं की दी गई जानकारी




**जगदलपुर।** छ.ग.सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग बस्तर वनमंडल द्वारा काष्ठागार सरगीपाल में "वन संगोष्ठी" का आयोजन किया गया जिसमें किसान वृक्ष मित्र योजना के हितग्राही ,टिम्बर व्यापारी,लघु वनोपज के व्यापारी,वन प्रबंधन समितियों के अध्यक्ष, प्राथमिक लघुवनोपज सहकारी समितियों के अध्यक्षों सहित सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारियों को आमंत्रित कर विभाग द्वारा नवाचार के कार्य जैसे ई-ऑक्शन, जेम पोर्टल, ई-कुबेर प्रणाली के माध्यम से समस्त हितग्राहियों को सीधा लाभ पहुँचाए जाने की जानकारी प्रदान किया गया।

### योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं : कलेक्टर



**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस ने प्रशासन गांव की ओर और सुशासन के एक वर्ष के कार्यक्रमों में योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के निर्देश दिए। जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित बैठक में प्रशासन गांव की ओर और सुशासन के एक वर्ष के कार्यक्रमों में शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार योजनाओं की जानकारी आमजनों को प्रदान करने तथा विभागों को मिले लक्ष्यों को पूर्ण करने के संबंध में चर्चा किए । इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर सीपी बघेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

### रोजगार मेला में 55 उम्मीदवार हुए उपस्थित



**जगदलपुर।** सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर लाइवलीहुड कॉलेज जगदलपुर द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें 55 उम्मीदवार उपस्थित हुए । 3 नियोक्ता कंपनी ने 17 उम्मीदवार प्राथमिक चरण के लिए चयनित किया।

### एक घंटा राष्ट्र के नाम अभियान के तहत बैठक



**जगदलपुर।** एक घंटा राष्ट्र के नाम अभियान के तहत पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड में वार्ड वासियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान अभियान के समन्वयक एल ईश्वर राव ने राष्ट्रहित ध्येय निमित्त सप्ताह में एक दिन एक घण्टा एक साथ बैठकर चिंतन मनन करने का आह्वान वार्ड वासियों से किया। क्षेत्र के विकास एवं व्यवस्था की बेहतरी के लिए साथ साथ बैठने पर जोर दिया। बैठक वार्ड पार्षद ममता पोटाई, हिना विश्वास, अजय पाल सिंह, मिलन विश्वास, कौशिक शुक्ला, धीरेंद्र श्रीवास्तव, सुनील दास, उषा नेताम समेत अन्य मौजूद थे।

### विभागीय योजनाओं को सेचुरेशन की स्थिति में लाने का करें प्रयास

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ देने गंभीरता से करें क्रियान्वयन : कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सभी विभाग योजनाओं का गंभीरता से क्रियान्वयन करें। उन्होंने बैठक में वनाधिकार मान्यता पत्र का रिकॉर्ड रूम में व्यवस्थित पंजी संधारण करवाने के निर्देश दिए। साथ ही शिक्षा विभाग के अधिकारी को जिलों में कार्यरत जिला स्तरीय अधिकारियों को स्वेच्छानुसार सप्ताह के किसी भी दिन एक विषय पर अध्यापन करवाने के लिए प्रेरित करने की पहल करने कहा। उक्त निर्देश कमिश्नर ने गुरुवार को कमिश्नर कार्यालय में संभागीय अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक में दिए।

कमिश्नर ने नियद नेल्लानार योजना के तहत योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा कि 30 नए स्थापित कैम्पों एवं केंद्रीय गृह मंत्री के द्वारा किए गए निरीक्षण गुण्डम कैम्प के क्षेत्रों में विभागीय योजनाओं को सेचुरेशन की स्थिति में लाने का प्रयास करें। बैठक में पशुधन विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने कृषक कल्याण समिति की बैठक नहीं कराने वाले 3 जिलों के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने पंचायत विभाग के मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन के ओडीएफ प्लस मॉडल राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, लखपति महिला पहल, प्रधानमंत्री आवास योजना के लक्ष्य हेतु पंजीयन, जियोटेनिंग के कार्य, अमृत सरोवर योजना ठोस तथा तरल अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत कार्यों की प्रगति की समीक्षा किए। उन्होंने लक्ष्य को देखकर तय सीमा के अंदर कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### मोतियाबिंद जांच की स्थिति की समीक्षा

स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा दौरान कमिश्नर श्री सिंह ने आयुष्मान कार्ड के निर्माण में जिलों के अंदरूनी इलाकों में शिविर लगाकर ग्रामीणों के कार्ड निर्माण में गति देने कहा। इसके अलावा आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालन तथा स्वास्थ्य शिविर, सिकल सेल स्क्रीनिंग की प्रगति, चिरायु योजना की प्रगति, पोषण पुनर्वास केंद्र के संचालन, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम में चिंहाकन व उपचार की स्थिति और मोतियाबिंद जांच की स्थिति की समीक्षा किए। टीबी नियंत्रण हेतु निक्षय मित्र के रूप में सभी कार्यालयों को दायित्व देने के संबंध में चर्चा किए।

## टैक्स जमा न करने पर लगाई गई पेनाल्टी से वाहन स्वामियों को मिले राहत : बाफना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



- कोरोना के चलते परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों का व्यापार रहा प्रभावित
- मुख्यमंत्री को पत्र प्रेषित कर कराया शासन का ध्यानाकर्षण

सार्वजनिक एवं व्यावसायिक वाहनों के टैक्स जमा न करने पर लगाई गई पेनाल्टी से वाहन स्वामियों को राहत देने के लिए पूर्व विधायक संतोष बाफना ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर एकमुश्त समाधान हेतु पैनाल्टी में शत-प्रतिशत छूट देने की मांग की है।

गौरतलब है कि, पिछले दिनों क्षेत्र के परिवहन संचालकों ने पूर्व विधायक बाफना से मिलकर समस्या से अवगत कराया था जिस पर बाफना ने प्रदेश की भाजपा सरकार के समक्ष उनकी मांग उठाने का आश्वासन भी दिया था। इसी तारतम्य में पूर्व विधायक बाफना ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री को पत्राचार किया। बता दें कि, कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रभाव के दौरान महामारी के पहले और दूसरे फेज की रोकथाम एवं प्रसार को नियंत्रित करने के उद्देश्य से जब पूरे देश सहित राज्य में वाहनों के परिचालन पर रोक लगा दी गई थी। उस दौरान न केवल वाहन सड़कों से बाहर थे बल्कि गैराजों में ऐसे ही खड़े रहे, क्योंकि उनके परिचालन की अनुमति नहीं थी जिससे परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों का व्यापार भी खासा प्रभावित हुआ था।

पूर्व विधायक बाफना ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि, कोरोनाकाल के पश्चात जब स्थिति सामान्य हुई तो बाजार में मंदी का दौर भी था जिसकी वजह से वाहन स्वामी व संचालक कोरोनाकाल की अवधि दो वर्षों का मोटर व्हीकल टैक्स, रोड टैक्स, परमिट टैक्स व परिवहन पर लगने वाले अन्य टैक्स की अदायगी नहीं कर पाए और उन पर अब टैक्स के साथ ही लाखों रूपये की पैनाल्टी भी लग चुकी है। इस प्रकार वाहन के मूल टैक्स की राशि के साथ लाखों रूपये की पैनाल्टी भी अब तक बकाया है।

बाफना ने वाहनों के बकाये टैक्स पर लगी पैनाल्टी (विलंब संदाय) के बोझ से जूझ रहे वाहन स्वामियों व संचालकों को सरकार की ओर से राहत देने की अपिल करते हुए कोरोनाकाल के दरम्यान दो वर्षों का वाहनों पर लगने वाले टैक्स की पैनाल्टी (विलंब संदाय) को शत-प्रतिशत माफ करने की मांग की है। और कहा है कि, सरकार के इस कदम से न केवल वाहन स्वामियों द्वारा बकाये टैक्स की पूरी रकम एकमुश्त अदायगी में तेजी आयेगी, बल्कि इससे राज्य शासन को बड़े स्तर पर राजस्व की भी प्राप्ति होगी।

## आवासीय विद्यालय में खेलकूद, वाद-विवाद और क्वीज प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विभाग द्वारा सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में खेलकूद, वाद-विवाद प्रतियोगिता, क्वीज और जनजातिय वीरों पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किया गया। ऐसी गतिविधियों का अकादमिक पाठ्यक्रम के साथ वर्तमान परिवेश में एक आदर्श व्यक्तित्व के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन गतिविधियों का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में सामाजिक कौशल, बौद्धिक कौशल, नैतिक मूल्यों एवं नेतृत्व क्षमताओं का विकास है। इसी तारतम्य में छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए एक मजबूत नींव रखने हेतु छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए समस्त आश्रम छात्रावास प्रयास, आवासीय विद्यालय एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में खेलकूद वाद-विवाद प्रतियोगिता, क्विज और जनजाति वीरों पर गतिविधियों का आयोजन किया है।

## लालबाग आमागुड़ा चौक में फ्लाई ओवर बनाने की मांग सांसद ने केंद्रीय मंत्री से की

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से सांसद ने की मुलाकात



दिल्ली प्रवास के दौरान शुक्रवार को सांसद महेश कश्यप ने केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की है। सांसद ने इस दौरान केंद्रीय मंत्री को धमतरी से जगदलपुर फोर लाइन की स्वीकृति के लिए स्मृती चिन्ह भेंट कर बधाई दी है। उन्होंने एनएच 30 जगदलपुर से नगरनार को जोड़ने के सम्बंध में चर्चा की है। जगदलपुर से सुकमा राष्ट्रीय राजमार्ग 30 को फोरलेन बनाने की मांग भी बस्तर सांसद ने केंद्रीय मंत्री से की है।

एनएच 63 को जगदलपुर नगर से जोड़ने की सौगात प्रदान करने का आग्रह कश्यप ने किया है। जगदलपुर शहर के प्रवेश द्वार महाराणा प्रताप चौक में हो रहे बड़े एक्सीडेंट को देखते हुए महाराणा प्रताप चौक में फ्लाई ओवर स्वीकृति करने का आग्रह केंद्रीय मंत्री से सांसद किया है।

## विश्व हिंदू परिषद की जिले में नए दायित्वों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



विश्व हिंदू परिषद बस्तर जिला में नए दायित्वों की घोषणा गुरुवार को प्रांत मंत्री विभूति भूषण पांडे ने अपने दो दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान जगदलपुर में विश्व हिंदू परिषद के बैठक में की। नए दायित्वों की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व की तरह नए पदाधिकारी विश्व हिंदू परिषद के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए हिंदू धर्म की रक्षा व सेवा के लिए अपने को समर्पित करते हुए कार्य करते रहेंगे। उन्होंने नए दायित्वों की घोषणा की, जिसमें जिला अध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष नवीन देवांगन, विशेष संपर्क प्रमुख योगेन्द्र कौशिक, जिला संयोजक बजरंग दल नरेश कोरी, मातृ शक्ति विभाग संयोजिका श्रीमती उमा गुप्ता को बनाया गया। सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचे, जहां पूजा-अर्चना कर मां दंतेश्वरी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर विभाग मंत्री रवि ब्रम्हचारी, सर्व आदिवासी समाज से राजाराम तोड़म, दशरथ कश्यप के साथ-साथ परिषद के जिला मंत्री अमन शर्मा, प्रेम चालकी, जागेश्वर साहू, सनी रैली, भवानी सिंह चौहान, सुरेंद्र तिवारी, पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष श्रीमती जबिता मंडावी, मातृ शक्ति से श्रीमती हेमा गुरुवारा, प्रज्ञा आचार्य अन्य शामिल रहे।

## ओबीसी वर्ग के साथ सरकार ने किया खिलवाड़ : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



आज नगरीय निकाय चुनाव के आरक्षण पश्चात बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने जगदलपुर ओबीसी वर्ग से 12 में से 9 सीट देकर सबसे बड़ा खिलवाड़ किया गया है। साहू समाज,यादव समाज, धाकड़ समाज, निषाद समाज, कलार समाज के साथ किया गया विश्वासघात है।

भारतीय जनता पार्टी के नेता, मंत्री कहते हैं कि हमने ओबीसी का सर्वे कराया है तो फिर सर्वे कहां है। 17-17 सर्वे का नाम ले रहे है तो 2011 की जनगणना के हिसाब से रोस्टर क्यों निकाला जा रहा है, सबसे बड़ा सवाल तो यह है दूसरी बड़ी बार यह है कि भाजपा कहती है हम 50 प्रतिशत प्रतिशत से ऊपर रोस्टर जारी नहीं कर सकते है जबकि एसटी,एससी,ओबीसी का 42 प्रतिशत हो रहा है उसके बावजूद भी ओबीसी का कुल 9 सीट कम कर देना यह दर्शाता है कि भारतीय जनता पार्टी जगदलपुर के दलितों, ओबीसी व आदिवासियों का भला करना नहीं चाहती है,जबकि ओबीसी वर्ग की तादाद सबसे ज्यादा है बावजूद सीटे कम करना भाजपा सरकार की नीति पर सवालिया निशानी दर्शाता है। मौर्य ने कहा यह चुनाव कांग्रेस कार्यकर्ताओं का है कांग्रेस हर वार्डो में पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी।

## मोतियाबिंद ऑपरेशन लायक मिले 3 मरीज व 28 की खून जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




शहर के कुम्हारपारा में शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक के नेतृत्व में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मेडिकल कॉलेज से आए वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सक एमडी मेडिसिन डॉ. केएम गुप्ता के साथ शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम में पदस्थ डॉ. विराट तिवारी, डॉ. नुपुर अवस्थी, डॉ. अंकिता पांडे, डॉ. प्रिया पांडे, डॉ. तृषा अवस्थी द्वारा 132 मरीजों की जांच कर लक्षणों के आधार पर उपचार दिया गया। शिविर में नेत्र सहायक अधिकारी जयंत देशमुख द्वारा आंखों की जांच कर 12 चश्मा वितरण किया गया और 3 मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के चिन्हांकित किया गया। लैब जांच में दिनेश सलाम द्वारा 28 लोगों का खून जांच किया गया।

स्वास्थ्य विभाग के जिला मीडिया प्रभारी मो. शकील खान ने बताया कि बीपी जांच में यशोधरा बघेल, कमलबती बघेल, देवकी जयसवाल और मोहन कश्यप ने पंजीयन का काम किया। शिविर में होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. विजय मिश्रा ने होम्योपैथी पद्धति से 68 मरीजों का उपचार किया। इसके अलावा नरेश मरकाम एवं प्रशांत श्रीवास्तव शिविर में शामिल रहे।

## संघ के पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य मनोनित

**जगदलपुर।** प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष ने उप प्रांताध्यक्ष अजय प्रताव सिंह परिहार की अनुशंसा से संभागीय पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा की। इसमें श्रीमती मंजू राबर्टसन, अरूणा त्यागी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पुरंन्दर पांडे, राजेन्द्र प्रसाद, धर्मा पाढ़ी, ललित निर्मलकर उपाध्यक्ष, संजय नायडू, पंकज कृपाल, राजेश ठाकुर, रोजलीन बेचक सचिव, केपी वीरवंश, विकास भदौरिया, मृणाल माली कोषाध्यक्ष, गणपत गुरला, तुकाराम पटेल मीडिया प्रभारी, युरागिनी साहू, सेवाराम, निरज कश्यप संयुक्त सचिव, रवि विश्वाल, एजेन्द्र सेठिया, हनुमंत राव, प्रभुचरण यादव, मायवर जोशी, विरेन्द्र ठाकुर, राजेश अग्रवानी, जयप्रकाश विश्वकर्मा, अरूण बरिहा, संतोषी मरकाम, राखी साव एवं सुरेश जयसवाल कार्यकारिणी सदस्य मनोनित किए गए।



Ajay Advt.

## कोंडागांव में जनता कांग्रेस ने दिया धरना, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर संभाग के दौरे के साथ जिलों में व्याप्त समस्याओं पर अपनी आवाज उठा कर सरकार व प्रशासन से इसकी निदान को लेकर जुटी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे आज कोंडागांव पहुंची। जहां पार्टी के संभाग अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारीयों ने जनता से मुलाकात की और उनका हाल जाना। पार्टी ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। पार्टी के संभाग अध्यक्ष नवनीत ने बताया कि इस प्लान्ट में 4500 किसानो के शेयर है 2019 से यह चालू नहीं है, इसका चालू होना किसान हित में है भी। सरकार मोटा पतला धान को एक दर में खरीद रही इससे किसानों को नुकसान हो रहा जबकि प्रतिवर्ष 100 बढ़ाकर खरीदने की बात हुई थी, वही धान खरीदी राशि एकमुश्त देने की बात हुई थी। इस अवसर पर टंकेश्वर भारद्वाज, सौरभ झा, भारत कौशिक, शंकर नेताम, विनोद सोरी, चाम सिंह कश्यप, उदय भंडारी, अगेश नेताम, नरेंद्र देवांगन समेत अन्य उपस्थित थे।







